# इंजीनियरों के लिए कौशल प्रशिक्षण केंद्र होगा शुरू

देहरादून। यूपीईएस और बजाज ऑटो लिमिटेड ने इंजीनियरिंग स्नातकों और डिप्लोमा धारकों के हितों के लिए साझेदारी की है। इसके तहत बजाज ऑटो की ओर से यूपीईएस में एडवांस्ड बजाज इंजीनियरिंग कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा।

इसका उद्देश्य इंजीनियरिंग और डिप्लोमा कॉलेजों के इंजीनियरों को सशक्त बनाना है। यह संयुक्त प्रयास डिप्लोमा इंजीनियरों और स्नातक इंजीनियरों के लिए दो फुल टाइम ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम मेक्ट्रोनिक्स, मोशन कंट्रोल और सेंसर टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन और इंडस्ट्री 4.0 और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग में प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यूपीईएस के वाइस चांसलर डॉ. राम शर्मा ने कहा कि यह साझेदारी छात्रों को इनोवेशन और समस्या समाधान के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करेगा। बजाज ऑटो लिमिटेड के सीएसआर के वाइस प्रेजिडेंट सुधाकर गुडीपति ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत के कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना और युवाओं को सशक्त बनाना है। संवाद